डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
उत्तर प्रदेश सरकार
आज़ादी का अमृत महोत्सव

पत्रांक 774 /शि0वि0/डी0एस0एम0एन0आर0यू0/2026–27 दिनाँक: 30 जुलाई, 2026

# //सूचना//

विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026–27 में विशेष शिक्षा संकाय के अधीन स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के अर्न्तगत संचालित एम0ए0 (शिक्षाशास्त्र) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निर्गत पूर्व सूचना पत्रांक 768 /शि0वि0/डी0एस0एम0एन0आर0यू0/2026–27 दिनाँक: 23 जुलाई, 2026 के क्रम में समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों का नाम प्रथम वरीयता सूची में सम्मिलित था, किन्तु वे किसी कारणवश पूर्व निर्धारित काउन्सलिंग तिथि 27 एवं 28 जुलाई, 2026 को उपस्थित नहीं हो सके थे, उन्हें प्रवेश काउन्सलिंग का एक अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। ऐसे समस्त अनुपस्थित अभ्यर्थी दिनाँक 03 अगस्त, 2026 को काउन्सलिंग हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें। **प्रवेश/काउन्सलिंग तिथि निम्नानुसार प्रस्तावित है :–**

**काउन्सलिंग तिथि एवं समय : 03 अगस्त, 2026, प्रातः 10:30 बजे**

**काउन्सलिंग स्थल : एकेडमिक ब्लॉक ए–2 के तृतीय तल पर स्थित कक्ष संख्या 440**

नोट : अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वह काउन्सलिंग हेतु आने वाले अभ्यर्थी अपने साथ निम्नलिखित प्रपत्र/दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति, मूल प्रपत्रों एवं निर्धारित प्रवेश शुल्क के साथ प्रवेश समिति के समक्ष पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक विश्वविद्यालय के एकेडमिक ब्लॉक ए–2 के तृतीय तल पर स्थित कक्ष संख्या 440 में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

- ऑनलाइन आवेदन पत्र की छायाप्रति।
- हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक स्तरीय के अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र की मूल व छायाप्रति।
- आय प्रमाणपत्र एवं निवास प्रमाणपत्र की मूल एवं छायाप्रति।
- जाति प्रमाणपत्र एवं EWS प्रमाणपत्र (यदि लागू हो) की मूल एवं छायाप्रति।
- 04 फोटोग्राफ।
- दिव्यांगता प्रमाणपत्र (यदि लागू हो) की मूलप्रति एवं छायाप्रति।
- माइग्रेशन की मूलप्रति।
- चरित्र प्रमाणपत्र की मूलप्रति।
- अन्तिम उत्तीर्ण परीक्षा एवं वर्तमान सत्र में एक वर्ष से अधिक का GAP होने की स्थिति में शपथ–पत्र (Affidavit)।

| पाठ्यक्रम का नाम | गैर दिव्यांग UR/GEN, OBC एवं SC/ST विद्यार्थियों हेतु निर्धारित शुल्क | दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु निर्धारित शुल्क |
|---|---|---|
| एम0ए0 शिक्षाशास्त्र | 5405/– (पांच हजार चार सौ पांच) | 3605/– (तीन हजार छः सौ पांच) |

**नोट : पाठ्यक्रम शुल्क ऑनलाइन माध्यम से जमा किया जायेगा।**

(प्रो0 वीरेन्द्र सिंह यादव)
प्रवेश प्रभारी
एम0ए0 शिक्षाशास्त्र पाठ्यक्रम, 2026–27

प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
2. प्रवेशनिदेशक, शैक्षिक सत्र 2026–27।
3. सिस्टम एनालिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

30-07-2026

(प्रो0 वीरेन्द्र सिंह यादव)
प्रवेश प्रभारी

Scanned with OKEN Scanner